# जब तक है ये जीवन वृन्दावन को जायेंगें

तरज़:-पधारो राधा संग सरकार

जब तक है ये जीवन अपना,वृन्दावन को जायेंगें
श्री राधा राधा गायेंगें,श्री राधा राधा गायेंगें
कृपा करें वृषभान किशोरी,नित दर्शन का सुख
पायेंगें
श्री राधा राधा गायेंगें,श्री राधा राधा गायेंगें
जब तक....
1.नित नव भोग लगाऊं निशदिन,नित प्रसादी
पाऊं निशदिन
नित सेवा महलन की बुहारी,हम तो रोज
लगायेंगें
श्री राधा राधा गायेंगें,श्री राधा राधा गायेंगें
जब तक....
2.ग़जरा महन्दीं सुरमा लाली,लहंगा चुनरी पुष्प
हार सों हम तो रोज़ सजायेंगे
श्री राधा राधा गायेंगें,श्री राधा राधा गायेंगें
जब तक....
3.सुबह शाम सेवा में जाऊं,भजन गाये के तुम्हें
रिझाऊं
शयन आरती के पद गाकर,तुम को शयन
करायेंगें
श्री राधा राधा गायेंगें,श्री राधा गायेंगें
जब तक.....
4.यही आस अभिलाष हमारी,ईक टुक हेरो शामा
प्यारी
चरनन रज़ में मिले बावंरा,बिनती रोज़ सुनायेंगे
श्री राधा राधा गायेंगें,श्री राधा राधा गायेंगें
कृपा करें वृषभान किशोरी,कृपा करें मेरी शामा
प्यारी
नित दर्शन का सुख पायेंगें
जब तक....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33552/title/JAB-TAK-HE-YE-JIVAN-VARINDAVAN-KO-JAYENGE

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |